दिनांक : 03/11/2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पुणे में मेट्रो लाइन का उद्घाटन किया।
- राज्य कैबिनेट ने मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के तहत 15 नवंबर तक 20 लाख रजिस्ट्रियों का लक्ष्य निर्धारित किया।
- भोपाल में कल भाजपा के कार्यक्रम को लेकर यातायात डायवर्ट पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों के उपयोग की अपील की।
- तूफान मुरासु के असर से प्रदेश के 23 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी।

प्रधानमंत्री- पुणे मेट्रो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महाराष्ट्र का पुणे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और मेट्रो नेटवर्क का विस्तार शहर के विकास को गति दे रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक और बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं से पुणे को नई पहचान मिली है और इससे शहर की आर्थिक प्रगति को भी बढ़ावा मिल रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री ने लोगों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने हिंजवड़ी-मान से शिवाजीनगर के बीच मेट्रो लाइन-तीन का वर्चुअल उद्घाटन किया और मेट्रो ट्रेन को रवाना किया। इस मार्ग पर यात्री सेवा चार नवंबर 2026 से शुरू होगी।

कैबिनेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक के बाद सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। सरकार ने शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की वृद्धि की है। मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के तहत अब तक करीब

15 लाख रजिस्ट्रियां पूरी हो चुकी हैं और 15 नवंबर तक 20 लाख रजिस्ट्रियां पूरी करने का लक्ष्य है।

मंदसौर जिले के गांधीसागर में 18 नवंबर को कैबिनेट की विशेष बैठक प्रस्तावित है, जिसमें किसान कल्याण और औद्योगिक विकास पर ध्यान दिया जाएगा। वहीं, नई शहरी विकास नीति के तहत 15 नए सैटेलाइट टाउन विकसित किए जाएंगे। धान उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 4 नवंबर तक बढ़ाई गई है। इसके अलावा, 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती प्रदेशभर में भव्य रूप से मनाई जाएगी।

आकाशवाणी-स्थापना दिवस

आकाशवाणी भोपाल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज केंद्र में आयोजित समारोह में पुस्तक 'आकाशवाणी सप्तक : स्मृतियों से भविष्य की ओर' का विमोचन किया गया। मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे, और आकाशवाणी भोपाल के क्लस्टर हेड लोकेश कुमार सहित अन्य अतिथियों ने पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक में आकाशवाणी भोपाल से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के अनुभव, संस्मरण और विचार संकलित किए गए हैं।

अनुराग सुजानिया-इस्तीफा

2014 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग सुजानिया ने कल अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस्तीफे की वजह व्यक्तिगत बताई है। सुजानिया करीब छह महीने तक सागर के पुलिस अधीक्षक रहे। कुछ ही दिन पहले ही उन्हें इस पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया था। फिलहाल सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार करने पर कोई निर्णय नहीं लिया है।

सर्वोच्च न्यायालय- साइबर धोखाधड़ी

सर्वोच्च न्यायालय के पंजीयक कार्यालय ने आज अपने आधिकारिक वेबसाइट के नाम पर फर्जी डोमेन बनाए जाने को लेकर सार्वजनिक सूचना जारी की है। कार्यालय ने सभी संबंधित लोगों को आगाह किया है कि वह अपनी कोई भी निजी या वित्तीय जानकारी साझा न करें।कार्यालय ने कहा है कि साइबर अपराधी लोगों से इस फर्जी

लिंक के माध्यम से संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी और गोपनीय पासवर्ड हासिल करने की कोशिश कर सकते हैं।उसने सभी हितधारकों को चेतावनी दी है कि वे ऐसी किसी भी मांग के झांसे में न आएं और अपनी निजी तथा वित्तीय जानकारी साझा न करें। ऐसा करने से साइबर अपराधी उनका डेटा चुरा सकते हैं।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ

भोपाल में कल 4 नवंबर को भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' कार्यक्रम के चलते शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। टीटी नगर के अटल पथ पर सुबह 10 बजे होने वाले कार्यक्रम में करीब 40 से 50 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसके लिए लगभग 1200 बसें और दो हजार चार पहिया वाहन शहर में पहुंचेंगे। यातायात पुलिस ने वाहनों के लिए अलग-अलग मार्ग और पार्किंग स्थल तय किए हैं। सुबह 8 बजे से भदभदा चौराहा, जवाहर चौक, रोशनपुरा और पॉलिटेक्निक चौराहे सहित आसपास के मार्गों पर यातायात का दबाव रहेगा। पुलिस ने नागरिकों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करने की अपील की है। यातायात संबंधी परेशानी के लिए कंट्रोल रूम के नंबर 0755-2677340 और 0755-2443850 पर संपर्क किया जा सकता है।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लखनऊ में आयोजित खेत बचाओ अभियान में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर देश को बांटने तथा लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया।

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने अतीत में चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त कर लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया है।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा - धार

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने आज धार जिले की सरदारपुर तहसील पहुंचकर दिवंगत थाना प्रभारी दिलीप पुरी को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरी सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। श्री देवड़ा ने बताया कि मामले की जांच के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश

पर विशेष जांच दल गठित किया गया है। घटना से जुड़े नेटवर्क की जांच की जा रही है और कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने अवैध शराब के कारोबार और आपराधिक गतिविधियों में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

ट्राई

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण-ट्राई ने दूरसंचार इंटरकनेक्शन से जुड़े नियमों में तीसरा संशोधन जारी किया है। ये नए नियम एक जनवरी 2027 से लागू होंगे। संशोधन का उद्देश्य अलग-अलग दूरसंचार कंपनियों के नेटवर्क के बीच संचार व्यवस्था को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाना है। नए नियमों के तहत सभी नए इंटरकनेक्शन आईपी आधारित होंगे।इससे कॉल की गुणवत्ता, नेटवर्क क्षमता और सेवाओं की विश्वसनीयता में सुधार होने की उम्मीद है।

समीक्षा बैठक

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रदेश के सभी पैरामेडिकल महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया 15 नवंबर 2026 से पहले पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां समय पर शुरू हो सकें। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश के पांच पुराने मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग विकसित करने का काम प्राथमिकता से पूरा करने को कहा। इसके लिए आवश्यक उपकरण और विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन शीघ्र जारी करने तथा अस्पताल प्रबंधकों की काउंसलिंग और आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी करने को भी कहा।

मौसम

प्रदेश में तूफान 'मुरासु' के प्रभाव से अगले तीन दिन मौसम बदला रहेगा। मौसम विभाग ने जबलपुर सहित प्रदेश के 23 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। चार और पांच नवंबर को भी प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। हालांकि, छह नवंबर को धनतेरस के दिन मौसम साफ रहने का अनुमान है।मौसम विभाग के अनुसार नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड का असर और बढ़ सकता है।

समाचार संक्षेप में :–

- खंडवा में 36 एमपी बटालियन एनसीसी द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य के उद्देश्य से संकल्प वृक्ष एवं टीबी मुक्त भारत अभियान का संयुक्त शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर लगभग 200 पौधे लगाए गए।
- शिवपुरी जिले में उपतहसील कार्यालय में जनसुनवाई के आयोजन किया गया। जिसमे कलेक्टर और शिवपुरी विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनी
- झाबुआ में पुलिस ने यूपीआई फ्रॉड कर 70 हजार 220 रुपये की ऑनलाइन खरीदारी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है।
- रेल पेंशनर्स को पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं में बड़ी राहत देते हुए जबलपुर रेल मंडल ने विशेष डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविरों की शुरुआत की है। इसी क्रम में जबलपुर के उमंग रेल सामुदायिक भवन में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।
- आगरमालवा में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बाल विवाह की रोकथाम हेतु 27 नवंबर 2026 को बाल विवाह उन्मूलन अंतर्राष्ट्रीय दिवस का आयोजन किया जाएगा।
- भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के विभिन्न विकासखंडों में 6 नवंबर तक 5 दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।
- मध्यप्रदेश शासन की रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत शहडोल जिले में मोटे अनाज कोदो एवं कुटकी उपार्जन के लिए 5 नवम्बर तक किसानों का पंजीयन किया जाएगा।